जो गुरु का हो वचन वही राह चलेंगे

जो गुरु का हो वचन, वही राह चलेंगे ।
जो पथ में अगर शूल चुभे, शूल सहेंगे ।।

करते ना कृपा आप तो, होते ना हम कहीं के ।
फिर हरता कौन मेरे, दुख-दर्द जिन्दगी के ।।
हम जिन्दगी को अपने, तेरे नाम करेंगे ।
जो गुरु का ...

आयेंगे हँसायेंगे, मनायेंगे आप ही को ।
साँसें हैं मेरी जबतक, चाहेंगे आप ही को ।।
हम आपके लिए ही, हरि नाम जपेंगे ।
जो गुरु का ...

हों सामने मरण में, गुरु प्रार्थना करेंगे ।
हों आप साथ में तो, भव सिन्धु से तरेंगे ।।
गुरुदेव के ही संग में, श्रीकान्त से मिलेंगे ।
जो गुरू का ..

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33950/title/jo-guru-ka-ho-vachan-vahi-rah-chalenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |